हिसार। चिकित्सक एवं साहित्यकार डॉ. लक्ष्मीनारायण सारस्वत का अभिनंदन करतीं कुमारी शैलजा। ◆भास्कर

केंद्रीय राज्यमंत्री कुमारी शैलजा ने किया साहित्यकार का सम्मान

जरूर मिलता है सत्कर्मों का फल

भास्कर न्यूज ◆ हिसार, 3 जुलाई। केंद्रीय राज्यमंत्री कुमारी शैलजा ने सुशीला भवन में प्रसिद्ध चिकित्सक व साहित्यकार डॉ. लक्ष्मीनारायण सारस्वत की अभिनंदन किया।

डॉ. सारस्वत की षष्टिपूर्ति के अवसर पर आयोजित अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता राज्यकवि उदयभानु हंस ने की। कार्यक्रम में उद्योगपति जगदीश प्रसाद आर्य व घनश्याम ओझा बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। केंद्रीय राज्यमंत्री ने शाल भेंट कर सारस्वत का अभिनंदन किया और उनके जीवन से जुड़ी पुष्तक मंगल कलश का विमोचन किया। समारोह में शैलजा ने कहा कि अच्छे कार्यों का परिणाम जरूर मिलता है, यही वजह है कि श्री सारस्वत को उनके किए गए कार्यों के लिए सम्मान दिया जा रहा है। उदयभानु हंस ने कहा कि श्री सारस्वत के अंदर जनसेवा की भावना समाहित है। वे चिकित्सा के माध्यम से गरीब लोगों की सेवा कर रहे हैं। डॉ. लक्ष्मीनारायण सारस्वत अभिनंदन समारोह समिति के अध्यक्ष मदनगोपाल शास्त्री एवं महासचिव नरेंद्र कश्यप ने अतिथियों के बारे में बताया। सामाजिक एवं सांस्कृति संगठनों ने श्री सारस्वत का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर पूर्व मंत्री हरि सिंह सैनी, समाजसेवी जगदीश जिंदल, पुष्तक मंगल कलश के संपादक प्रो. रघुवीर अनाम व रघुनाथ प्रियदर्शी, प्रेरणा परिवार के निदेशक शुभकरण गौड़ आदि उपस्थित थे।

कार्रवाई का आश्वासन

भावी भर्ती प्रक्रिया के जरिए समायोजित किए जाने किए जाने की मांग को लेकर रविवार को प्रोजेक्ट अध्यापक संघ से जुड़े अध्यापक केंद्रीय मंत्री शैलजा से मिले। इस दौरान सुश्री शैलजा ने उन्हें समुचित कदम उठाने का आश्वासन दिया। अध्यापकों ने इसी क्रम में छह जुलाई को मुख्यमंत्री से भेंट करने का निर्णय भी लिया। रविवार को मधुबन पार्क में आयोजित बैठक के बाद तमाम प्रोजेक्ट अध्यापक पीडब्लूडी विश्रामगृह पहुंचे। यहां केंद्रीय मंत्री शैलजा को उन्होंने अपने समायोजन संबंधी पर केंद्रित ज्ञापन सौंपा। केंद्रीय मंत्री ने सही कदम उठाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद प्रोजेक्ट अध्यापकों ने तय किया कि छह जुलाई को राजधानी में जुट रहे पूरे प्रदेश के अध्यापक मुख्यमंत्री से भेंट करेंगे।